पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २
मजूमदार लाइन्स वायु सेना स्थल
अम्बाला छावनी 133001 (हरियाणा)
शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार के अधीनस्वायत्त संस्था
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO.2
MAJUMDAR LINES (A.F.S)
AMBALA CANTT-133001 (HARYANA)
AN AUTONOMOUS BODY UNDER THE MINISTRY OF EDUCATION
(GOVERNMENT OF INDIA)

सत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव
PM SHRI

दूरभाष/Phone : 0171-2600392,2640935 Website: https://no2ambalacantt.kvs.ac.in E.Mail :kv2amb@gmail.com
K.V. Code: 1291 Station Code: 170 CBSE Affiliation. No. 500002 UDISE Code: 6020202904

फा०14/कें वि 2/अम्बाला छावनी /2025-26/ दिनांक 10.03.2026

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, अम्बाला छावनी में कंडम घोषित किये गए कंप्यूटर पेरिफेरल, लैब, फर्नीचर एवं अन्य सामान जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ है की नीलामी दिनांक 20.03.2026 को सुबह 11:00 बजे पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, अम्बाला छावनी के परिसर में की जाएगी | नीलामी से सम्बंधित सभी नियम एवं शर्ते विद्यालय की वैबसाइट https://no2ambalacantt.kvs.ac.in पर उपलब्ध है | कृपया नीलामी में भाग लेने वाली फर्म सभी नियम एवं शर्तों को पढ़ने के बाद उन्हें पूरा करते हुए ही नीलामी में भाग ले | नीलामी से सम्बंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए विद्यालय में संपर्क करें |

(हरिन्द्र सिंह लाम्बा)
प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 / PM Shri Kendriya Vidyalaya No.2
अम्बाला छावनी / Ambala Cantt
हरियाणा-133001 / Haryana-133001

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २
मजूमदार लाइन्स वायु सेना स्थल
अम्बाला छावनी 133001 (हरियाणा)
शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार के अधीनस्वायत्त संस्था
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO.2
MAJUMDAR LINES (A.F.S)
AMBALA CANTT-133001 (HARYANA)
AN AUTONOMOUS BODY UNDER THE MINISTRY OF EDUCATION
(GOVERNMENT OF INDIA)
तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
आज़ादी का अमृत महोत्सव
PM SHRI
दूरभाष/Phone : 0171-2600392,2640935 Website: https://no2ambalacantt.kvs.ac.in E.Mail :kv2amb@gmail.com
K.V. Code: 1291 Station Code: 170 CBSE Affiliation. No. 500002 UDISE Code: 6020202904

फा०14/कें वि 2/अम्बाला छावनी /2025-26/ दिनांक 10.03.2026

# नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, अम्बाला छावनी में कंडम घोषित किए गए कंप्यूटर पेरिफेरल्स, लैब सामग्री, फर्नीचर एवं अन्य सामान, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ₹1 करोड़ है, की नीलामी दिनांक 20.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, अम्बाला छावनी के परिसर में सक्षम अधिकारी द्वारा कंडमनेशन समिति के समक्ष की जाएगी।

## नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :–

1. सभी सामान पुराना, प्रयोग किया हुआ एवं कंडम घोषित है।
2. उपरोक्त सामान की नीलामी "जहाँ जैसी स्थिति है" के आधार पर की जाएगी।
3. उपरोक्त नीलामी में भाग लेने वाली वे फर्में, जो कंप्यूटर एवं पेरिफेरल्स से संबंधित सामान खरीदने की इच्छुक हैं, उन्हें कंप्यूटर एवं आई.टी. सामग्री की खरीद हेतु केंद्र सरकार तथा संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी *E-Waste (Management & Handling) Rules* के अंतर्गत Registered/Authorized लाइसेंस एवं अपना परिचय पत्र दिनांक 15.02.2026 से पूर्व विद्यालय की ई-मेल kv2amb@gmail.com पर भेजना अनिवार्य होगा तथा उक्त प्रपत्रों की मूल प्रति नीलामी की तिथि को साथ लाना भी आवश्यक होगा। लाइसेंस न होने की स्थिति में संबंधित फर्म को कंप्यूटर एवं पेरिफेरल्स से संबंधित सामान की नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
4. विद्यालय का कोई भी कर्मचारी तथा उसके परिवार का सदस्य इस सार्वजनिक नीलामी में भाग नहीं ले सकता है।
5. नीलामी से संबंधित सभी निर्णयों का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा तथा इसके लिए कारण बताना अनिवार्य नहीं होगा।
6. यदि नीलामी के दिन फर्म के स्वामी के स्थान पर उनका कोई अधिकृत प्रतिनिधि बोली में भाग लेता है, तो उसके पास संबंधित फर्म द्वारा जारी प्राधिकार पत्र होना अनिवार्य है, जिसे नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति विद्यालय में जमा करवाएगा।
7. नीलाम किए जाने वाले सामान का निरीक्षण कोई भी इच्छुक फर्म दिनांक 17.03.2026 व 19.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, अम्बाला छावनी के परिसर में आकर कर सकते है।
8. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी को पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹1000/- (केवल एक हजार रुपये मात्र) नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा। बिना शुल्क जमा किए किसी भी प्रतिभागी को बोली में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

9. उच्चतम बोली लगाने वाली फर्म को बोली स्वीकृत होने के तुरंत उपरांत कुल राशि विद्यालय में चेक अथवा ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से जमा करवानी होगी। यदि उच्चतम बोलीदाता फर्म तत्काल भुगतान करने में विफल रहती है, तो उसकी जमा की गई **EMD (Earnest Money Deposit)** राशि जब्त कर ली जाएगी तथा अगली उच्चतम बोली लगाने वाली फर्म को नियमानुसार सामान प्रदान कर दिया जाएगा। अत: फर्म पर्याप्त राशि अपने बैंक खाते में सुनिश्चित करे तथा चेक साथ लेकर विद्यालय में आए।
10. उच्चतम बोलीदाता फर्म को पूर्ण राशि जमा करवाने के पश्चात ही सामान ले जाने का अधिकार होगा। नीलामी के पश्चात एक दिन के भीतर सभी सामान विद्यालय परिसर से उठाना अनिवार्य होगा।
11. सामग्री को विद्यालय से ले जाने हेतु वाहन आदि की व्यवस्था उच्चतम बोलीदाता फर्म द्वारा स्वयं की जाएगी।
12. यदि नीलामी के दिन न्यूनतम तीन फर्में बोली लगाने हेतु उपस्थित नहीं होती हैं, तो उस स्थिति में नीलामी प्रक्रिया उस दिन के लिए निरस्त कर दी जाएगी।
13. प्राचार्य, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, अम्बाला छावनी को किसी भी कारण बताए बिना उक्त नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण एवं निर्विवाद अधिकार सुरक्षित रहेगा।
14. नीलाम की जाने वाली सामग्री का **आरक्षित मूल्य (Reserve Price)** नीलामी के समय ही घोषित किया जाएगा
15. नीलामी में भाग लेने वाली सभी फर्में उपरोक्त सभी शर्तों का पालन करने के लिए बाध्य होंगी।

(हरिन्द्र सिंह लाम्बा)
प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 / PM Shri Kendriya Vidyalaya No.2
अम्बाला छावनी / Ambala Cantt
हरियाणा-133001 / Haryana-133001

वितरण:-

1. विद्यालय नोटिस बोर्ड|
2. विद्यालय वैबसाइट|
3. समाचार पत्र ।
4. अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
5. उपायुक्त, केविसं, गुरुग्राम संभाग को सूचनार्थ प्रेषित।